INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

नुकाती एजेंडा नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना हैं : प्रकाश सिंह बादल

By : Deepak Published On : 26 Dec, 2013 10:09 PM IST

आई एन वी सी,
फतेहगढ साहिब,
पंजाब के मुख्यमंत्री स. प्रकाश सिंह बादल ने मांग की है कि केन्द्र सरकार द्वारा जिसप्रकार देश में कोयला,पत्थर एवं अन्य खनिजों की सप्लाई करने वाले राज्यों को रायलटी दी जाती है,उसी तर्ज पर पंजाब को भी पानी और अनाज पर रायलटी दी जाए।
आज यहां शहीदी जोड़ मेले के अवसर पर राज्य स्तरीय शहीदी कांफ्रैस के अवसर पर पत्रकारों से बीतचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेहनती किसानों ने देश को अनाज पक्ष से स्वै निर्भर बनाने के लिए अपने बहुमूल्य प्राकृतिक स्रोत जल और उपजाउ मिटटी भी कुर्बान कर दी। उन्होने अफसोस व्यक्त करते हुये कहा कि राज्य के किसानों के बेमिसाल योगदान को हमेशा ही नजरअंदाज किया गया हैं। स. बादल ने कहा कि यह सही मौका है कि देश राज्य के किसानों की देन एवं मेहनत का मूल्य दें जिस कारण उनको राज्य से बाहर जाते पानी और अनाज पर रायलटी दी जाए।
शिअद द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव राज्य से बाहर अन्य क्षेत्रों में लडने की संभावना संबधी पूछे गये प्रशन का जवाब देते हुये स. बादल ने कहा कि इस संबध में कोई भी फैसला भारतीय जनता पार्टी से गहरी विचार विमर्श के बाद ही लिया जाएगा।
इससे पूर्व शहीदी कांफ्रैस की विशाल एकत्रता को संबोधित करते हुये स. बादल ने कहा कि शिअद का एक नुकाती एजेंडा गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना हैं ताकि राज्य में सर्वपक्षीय विकास तरक्क्ी एवं खुशहाली का नया अध्याय सृजित किया जा सकें। उन्होने कहा कि श्री मोदी 23 फरवरी को जगराओं में हो रही रैली कांग्रेस के सम्पूर्ण खात्मे का आंरभ करेगी क्योकि इस रैली से देश भर में से कांग्रेस का पूर्ण तौर पर सफाया हो जाएगा। स. बादल ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव राज्य के लोगों के लिए निर्णनायक साबित होगें क्योकि यह अब मतदाताओ के हाथ में है कि राज्य में खुशहाली के रास्ते चलना चाहते है या बर्वादी के । उन्होने कहा कि हम सभी को दिल्ली,राजस्थान,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मतदाताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होने भ्रष्ट एवं काबिलहीन कांग्रेस पार्टी का सम्पूर्ण सफाया कर उसको करारा सबक सिखाया।
कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की कमजोरी के कारण देश की आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। उन्होने कहा कि बाहरी सुरक्षा में हमारे पड़ोसी देश आए दिन सुरक्षा नियमो की शरेआम उलघना करते है और इसी प्रकार देश में भी नक्सलवाद की चुनौती उभर रही है। साथ ही उन्होने कहा कि इन गंभीर चुनौतियों को निपटने की बजाए यूपीए सरकार मूकदर्शक बन बैठी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अतीत में भारत को सोने की चिड़िया के तौर पर जाना जाता था जो आज संसार में गुरबत मारे देशों में शामिल हो गया हैं उन्होने कहा कि हमारे देश में प्राकृतिक स्रोतों के बड़े भंडार है पंरतु केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हमारा देश गरीबी,बेरोजगारी,भूखमरी और अनपढ़ता एवं अन्य सामाजिक बुराईयों का सामना कर रहा है स. बादल ने कहा कि हर फ ्रंट पर नाकाम सिद्ध होने वाली ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नही।
कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जब भी केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनी है तब ही पंजाब से सौतेला व्यवहार किया गया। उन्होने कहा कि पंजाब को पंजाबी बोलते क्षेत्र,दरियाई पानियों का कानूनी हिस्सा और यहां तक की राजधानी भी नही दी। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने सिक्खों के सामाजिक , राजनीतिक,आर्थिक और यहां तक धार्मिक मामलों में अनावश्यक दखल अंदाजी करके सिक्ख मानसिकता को गहरे जख्म दिये। स. बादल ने कहा कि 1984 के सिक्ख कत्लेआम और श्री दरबार साहिब पर हमला करने में कांग्रेस के बुरे किरदार को पंजाबी कभी भी भुला नही सकेगें। उन्होने कहा कि क ेन्द्र सरकार द्वारा राज्य के जाट सिक्खों को अन्य पिछ्डे वर्गो में शमिल करने से इंनकार करने से एक बार फिर कांग्रेस पार्टी का पंजाब विरोधी चेहरा नंगा हुआ हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदा ही राज्य के विकास और तरक्की को पटरी से उतारने के लिए साजिशें बनाई हैं, साथ ही उन्होने कहा कि केन्द्र में कांग्रेसी सरकारों की कृषि और उद्योग नीतियों से पंजाब का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होने कहा कि कांग्रेस के इस दोहरे मापदंड वाले रवैये के विपरीत अकाली भाजपा सरकार ने हमेशा ही पंजाब के किसानों की कलाई पकड़ी है स. बादल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कृषि लागतों में बेसुमार बढोतरी करके किसान की कमर तोडने में कोई कसर नही छोडी पंरतु दूसरी तरफ अकाली भाजपा सरकार ने संकट में डूबी किसानी की सार लेते हुये किसानों के खेती टूयबवैलों के बिल माफ किये और सरकार द्वारा हर साल 6000 करोड रूपये की बिजली सबसिडी मुहैया करवाई जाती हैं।
जन कल्याण स्कीमों का जिक्र करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याण के लिए पूर्ण तौर पर वचनबद्ध है और इस संबध में शगुन स्कीम,आटा दाल स्कीम,डा. हरगोबिंद खुराना वजीफा योजना,माई भागो स्त्री विद्याा योजना ,भगत पूर्ण सिंह स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य जन कल्याण स्कीमें आंरभ की गई है। आटा दाल स्कीम को नये रूप में एक माह के भीतर लांच करने का ऐलान करते हुये स. बादल ने कहा कि इस स्कीम के घेरे में राज्य के छोटे एवं मध्यम किसानों को भी शामिल

किया जाएगा जिनको एक रूपये किलो आटा दिया जाएगा उन्होने आगे कहा कि इस समय 16 लाख परिवारों को आटा दाल स्कीम का लाभ दिया जा रहा है जिसकी संख्या दुगनी करके 32 लाख परिवारों को इस स्कीम का लाभ दिया जाएगा। उन्होने कहा कि नये लाभपात्रियों के लिए कार्ड बनाने का कार्य आंरभ कर दिया गया है। जिस के सम्पूर्ण होने पर इस स्कीम को औपचारिक तौर पर आंरभ कर दिया जाएगा।

शहीदी कांफ्रेंस को संबोधित करते हुये स. बादल ने छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि भेंट करते हुये कहा कि श्री गुरू गोबिंद सिंह जी द्वारा जबर एवं जुल्म के खात्मे एवं मानवता क ी रक्षा के लिए अपने परिवार की दी बेमिसाल शहादत जैसी उदाहरण विश्व के इतिहास में कही नही मिलती। स. बादल ने कहा कि हमारे गुरूओं ने साम्प्रदायिक सदभावना, भाईचारक सांझ और मानवता के कल्याण एवं एकता का संदेश दिया जिसके लिए हमें भी अपने महान गुरूओं के दर्शाए मार्ग पर चलते हुये अपना अपना जीवन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गुरूओं ने हमेशा जबर, जुल्म और पाप का सामना करने के लिए आवाज बुलंद करने के साथ साथ गरीब एवं मजलुमों की रक्षा की और सर्वसांझीवालता का संदेश दिया। उन्होने कहा कि सिक्खों की कुर्बानियां भरे बहुमूल्य इतिहास इस बात की भी गवाही भरता है कि हमारे गुरूओं द्वारा सभी धर्मो का सम्मान करते हुये हमेशा मानवता के कल्याण करने की बात की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूओं का जीवन हमें यह भी सीखाता है कि हमें सभी धर्मो का सम्मान करें। उन्होने कहा कि श्री फतेहगढ साहिब की धरती का कतरा कतरा शहीदों के खून से सीचा हुआ हैं जिस कारण प्रत्येक वर्ष देश विदेश में से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां श्रद्धा के पुष्प अर्पित करने आते है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरू गोबिंद सिंह जी के माता , माता गुजर कौर जी और छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह के 309वें शहीदी जोड़ मेले के बीच वाले दिन गुरूद्वारा श्री फतेहगढ साहिब , जहां छोटे साहिबजादों को जिंदा नींवों पर चिनवा दिया गया था,में माथा टेककर साहिबजादों और माता गुजर कौर को अपनी अकीदत के फूल भेंट किये। इस अवसर पर उनको गुरूद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरपाल सिंह ने सिरोपा भेंट किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुये भारतीय जनता पार्टी के राज्य प्रधान श्री कमल शर्मा ने साहिबजादों और माता गुजर कौर को श्रद्धा के पुष्प भेंट करते हुये कहा कि इन शहीदों की यादें देश के प्रति जज्बा पैदा करने के लिए ही मनाई जाती है और इस लिए हमें इन महान शहीदों की कुर्बानियों भरे इतिहास और देश प्यार के जज्बें को हमेशा याद रखना चाहिए।

इस अवसर पर शिअद के सैक्ट्री जनरल और राज्य सभा सदस्य स.सुखदेव सिंह ढीडसा ने कहा कि मुख्यमंत्री स. प्रकाश सिंह बादल ने 80 वें दशक में ही बडे घल्लूघारे और अन्य शहीदी यादगारें स्थापित करने का मन बना लिया था और आज यह साकार रूप धारण कर गई है।

इस अवसर पर विशाल एकत्रता को संबोधित करते हुये पूर्व एमपी एवं शिअद के महासचिव प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने कहा कि शिअद भाजपा सरकार ने असली अर्थो में राज नही सेवा का नारा बुंलद किया। उन्होने बताया कि सरहिन्द शहर के सम्पूर्ण बिजलीकरण के लिए 13 करोड़ रूपये खर्चे गये,गंदे पानी की निकासी के लिए सात करोड़ रूपये , बीस करोड रूपये की लागत से फतेहगढ साहिब बाईपास , एक करोड की लागत से सरहिन्द्र चो का सौन्दर्यकरण , सहकारिता भवन, बस अडडा, बाबा मोती राम मेहरा की यादगार , अर्तराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम आदि प्रोजैक्ट आंरभ किये गये हैं। उन्होने मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं एवं संगतों का स्वागत करते हुये कहा कि शहीदों की धरती पर आने के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य स. बलविन्द्र सिंह भूंदड ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये भेदभाव का जिक्र करते हुये कहा कि देश के स्वंतत्र होने के बाद पंजाब के मजबी सिक्खों और रमदासियें सिक्खों को आरक्षण का लाभ भी मास्टर तारा सिंह ने पहली बार लडाई लड कर दिलाया था। इस अवसर पर जत्थेदार तोता सिंह,स. मनजीत सिंह जीके,डा. हरबंस लाल, स. महेशइंद्र सिंह ग्रेवाल,एमएलए जस्टिस निर्मल सिंह,स. करनैल सिंह पंजोली आदि ने भी संबोधित किया।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/नुकाती-एजेंडा-नरेन्द्र-मो/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.